रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०९/२०२५-7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

# CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

सत्यमेव जयते

| | |
|---|---|
| Test Date | 11/08/2026 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I 2025 |

Prepp
Your Personal Exams Guide

## Section : General Science

**Q.1** खाना खाते समय भोजन को छोटे-छोटे टुकड़ों में संदलित करने में कौन-सा अंग सहायता करता है?

Ans
- ✔ A. ंत
- ✘ B. आमाशय
- ✘ C. जिह्वा
- ✘ D. लार ग्रंथि

**Q.2** मनुष्यों में, प्राय: प्रत्येक माह किसी एक अंडाशय से एक परिपक्व अंडा मोचित होता है; इस प्रक्रिया को __________ कहते हैं।

Ans
- ✘ A. रजोनिवृत्ति
- ✔ B. अंडोत्सर्ग
- ✘ C. शुक्राणुजनन
- ✘ D. यौवर ंभ

**Q.3** जब एथेनॉल की सोडियम धातु के साथ अभिक्रिया होती है, तो अभिक्रिया के परिणामस्वरूप कौन-सी गैस मुक्त होती है?

Ans
- ✔ A. हाइड्रोजन गैस
- ✘ B. इट ्रोजन गैस
- ✘ C. कार्बन डाइऑक्साइड
- ✘ D. ऑक्सीजन गैस

**Q.4** यदि दो स्वर (notes), जिनमें से एक को 300 Hz पर और दूसरे को 600 Hz पर बजाया जाए, तो उनके तारत्व की तुलना कैसे की जा सकती है?

Ans
- ✘ A. 300 Hz वाले स्वर का रत्व अधिक होगा
- ✘ B. 300 Hz वाला स्वर, 600 Hz वाले स्वर से अधिक प्रबल होगा
- ✘ C. ं स्वरों का रत्व समान होगा
- ✔ D. 600 Hz वाले स्वर का रत्व अधिक होगा

**Q.5** निम्नलिखित में से कौन-सा उदाहरण इंगित करता है कि किसी वस्तु पर कार्य करने वाले बल संतुलित हैं?

Ans
- ✘ A. सड़क पर च ` की ओर त्वरित एक कार
- ✔ B. शेल्फ पर गतिहीन रखी एक पुस्तक
- ✘ C. एक गेंद रामावस्था से गति कर शुरू कर दे है
- ✘ D. भूमि पर गिर हुई गेंद

| | | |
|---|---|---|
| Q.6 | यदि किसी सीधे चालक में धारा की दिशा उत्क्रमित कर दी जाए, तो परिवेशी चुंबकीय क्षेत्र रेखाओं की दिशा पर क्या प्रभाव पड़ेगा? | |
| Ans | ✗ A. चुंबकीय क्षेत्र रेखाएं अधिक प्रबल हो जाएंगी | |
| | ✓ B. चुंबकीय क्षेत्र रेखाओं की दिशा भी उत्क्रमित हो जाएगी | |
| | ✗ C. चुंबकीय क्षेत्र रेखाओं की दिशा अपरिवर्तित रहेंगी | |
| | ✗ D. चुंबकीय क्षेत्र रेखाएं दुर्बल हो जाएंगी | |

Prepp
Your Personal Exams Guide

| | |
|---|---|
| Q.7 | वह पथ जिसके अनुदिश एक इलेक्ट्रॉन नाभिक के चारों ओर परिक्रमण करता है, उसे क्या कहा जाता है? |
| Ans | ✗ A. प्रोटॉन |
| | ✗ B. अणु |
| | ✗ C. न्यूट्रॉन |
| | ✓ D. कक्षा |

| | |
|---|---|
| Q.8 | जब प्रकाश किरण वायु से जल में प्रवेश करती है, तो वायु के सापेक्ष जल का अपवर्तनांक इन दोनों माध्यमों में प्रकाश की चाल से किस प्रकार संबंधित होता है? |
| Ans | ✗ A. वायु के अपवर्तनांक के सापेक्ष जल का अपवर्तनांक, वायु और जल में चालों का अंतर होता है |
| | ✗ B. वायु के अपवर्तनांक के सापेक्ष जल का अपवर्तनांक, जल में प्रकाश की चाल और वायु में प्रकाश की चाल का का अनुपात होता है |
| | ✗ C. वायु के अपवर्तनांक के सापेक्ष जल का अपवर्तनांक, वायु और जल में चालों का योगफल होता है |
| | ✓ D. वायु के अपवर्तनांक के सापेक्ष जल का अपवर्तनांक, वायु में प्रकाश की चाल और जल में प्रकाश की चाल का अनुपात होता है |

| | |
|---|---|
| Q.9 | गति के प्रथम नियम के अनुसार, किसी भारी बॉक्स को विराम से धकेलना क्यों कठिन होता है? |
| Ans | ✗ A. क्योंकि बॉक्स, फर्श पर चिपक जाता है। |
| | ✓ B. क्योंकि बॉक्स, जड़त्व के कारण अपनी स्थिति में परिवर्तन का विरोध करता है |
| | ✗ C. क्योंकि बॉक्स में लुढ़कने के लिए कोई पहिया नहीं होता है |
| | ✗ D. क्योंकि बॉक्स को गुरुत्व द्वारा पीछे खींचा जाता है |

| | |
|---|---|
| Q.10 | कौन-सी मानवीय गतिविधि, कार्बन चक्र में विछिन्नता को कम करने में सहायता करती है? |
| Ans | ✓ A. सौर ऊर्जा को अपनाना |
| | ✗ B. जीवाश्म ईंधन के उपयोग में वृद्धि |
| | ✗ C. उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग |
| | ✗ D. वनोन्मूलन |

| | |
|---|---|
| Q.11 | किसी घास के मैदान के पारिस्थितिकी तंत्र में, किस जीव की संख्या सर्वाधिक होगी? |
| Ans | ✗ A. बाज |
| | ✗ B. सर्प |
| | ✗ C. मेंढक |
| | ✓ D. घास |

| | |
|---|---|
| Q.12 | अमीबा में कौन-सी संरचना मुख्य रूप से खाद्य कणों के परिग्रहण (engulfing) के लिए उत्तरदायी है? |
| Ans | ✓ A. अस्थायी पादाभ |
| | ✗ B. जीव के चारों ओर की कोशिका भित्ति |
| | ✗ C. कोशिका पृष्ठ को आच्छादित करने वाली सिलिया |
| | ✗ D. कोशिका झिल्ली के भीतर कोशिका द्रव्य |

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.13 जलीय विलयन में अम्ल और क्षारक दोनों ही विद्युत का चालन करते हैं क्योंकि ____________।

Ans
- ✗ A. उनमें मुक्त इलेक्ट्रॉन होते हैं।
- ✓ B. वे जल में आयनों को उत्पादित करते हैं।
- ✗ C. वे सहसंयोजी आबंध का निर्माण करते हैं।
- ✗ D. वे ऑक्सीजन गैस निर्मुक्त करते हैं।

Q.14 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सर्वोत्तम रूप से यह स्पष्ट करता है कि एथेनॉल, द्रव होने तथा ध्रुवीय O–H आब

Ans
- ✗ A. यह एक दुर्बल क्षार है जो प्रोटॉनों को ग्रहण करता है
- ✗ B. यह जल में $CO_2$ और $H_2O$ में अपघटित हो जाता है
- ✗ C. यह जल में पूरी तरह से आयनों में विघटित हो जाता है
- ✓ D. यह एक सहसंयोजक यौगिक है और विलयन में आयनित नहीं होता है

Q.15 उस विकल्प का चयन कीजिए, जो अभिकथन (A) और कारण (R) नामक निम्नलिखित दो कथनों के संबंध में सत्य है।

अभिकथन (A): सोडियम और पोटेशियम जैसी धातुओं को विद्युत-अपघटन द्वारा निष्कर्षित किया जाता है।
कारण (R): ये धातुएं अत्यधिक अभिक्रियाशील होती हैं और इन्हें कार्बन के साथ अपचयन द्वारा प्राप्त नहीं किया जा सकता है।

Ans
- ✓ A. A और R दोनों सत्य हैं तथा R, A की सही व्याख्या है
- ✗ B. A सत्य है, लेकिन R असत्य है
- ✗ C. A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है
- ✗ D. A असत्य है, लेकिन R सत्य है

Q.16 3 kg के पत्थर को 8 m/s की चाल से ऊर्ध्वाधर ऊपर की ओर फेंका जाता है। फेंकने वाले के हाथ से छूटते समय उसकी गतिज ऊर्जा कितनी होगी?

Ans
- ✗ A. 72 J
- ✗ B. 24 J
- ✗ C. 48 J
- ✓ D. 96 J

Q.17 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन संयोजन अभिक्रिया और ऊर्जा के बीच संबंध को सही ढंग से वर्णित करता है?

Ans
- ✗ A. संयोजन अभिक्रियाएँ न तो ऊर्जा निर्मुक्त करती हैं और न ही अवशोषित करती हैं।
- ✗ B. सभी संयोजन अभिक्रियाएँ ऊष्मा निर्मुक्त करती हैं।
- ✗ C. सभी संयोजन अभिक्रियाओं को ऊष्मा अवशोषित करनी चाहिए।
- ✓ D. कई संयोजन अभिक्रियाएँ ऊष्माक्षेपी होती हैं, हालाँकि कुछ ऊष्माशोषी भी हो सकती हैं।

Q.18 वैज्ञानिकों का एक समूह किसी क्षेत्र में घनिष्ठता से संबंधित प्रजातियों के बीच विकासवादी संबंधों और सामान्य वंशावली को निर्धारित करना चाहता है। वर्गीकरण का कौन-सा मानदंड सबसे विश्वसनीय प्रमाण प्रदान करेगा?

Ans
- ✗ A. गतिविधि के पैटर्न को ट्रैक करना
- ✓ B. आनुवंशिक कूट में समानता
- ✗ C. आहार स्वभाव प्रोफाइल
- ✗ D. केवल बाह्य लक्षण

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.19 निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता, अनुदैर्ध्य ध्वनि तरंगों के लिए अद्वितीय है?

Ans

✗ A. ये माध्यम में केवल ऊपर और नीचे कंपन करते हैं

✗ B. ये माध्यम में अगल-बगल के स्पंदों के रूप में गमन करते हैं

✓ C. ये संपीडन और विरलन क्षेत्रों का निर्माण करते हैं

✗ D. ये माध्यम से श्रृंग और गर्त के रूप में गति करते हैं

Q.20 सूक्ष्मदर्शी से देखने पर कंकाल की मांसपेशियों में वैकल्पिक रूप से हल्की और गहरी धारियाँ दिखाई देती हैं। इस ऊतक की कोशिकाएँ लंबी, बेलनाकार, अशाखित और __________ होती हैं।

Ans

✗ A. एककेंद्रकी

✓ B. बहुकेंद्रकी

✗ C. तर्काकार

✗ D. मृत

Q.21 निम्नलिखित में से कौन-से विषमांगी मिश्रण का उदाहरण हैं?

a) कोलॉइडी विलयन
b) निलंबन
c) विलयन

Ans

✗ A. केवल (a)

✗ B. केवल (c)

✓ C. (a) और (b)

✗ D. केवल (b)

Q.22 एक विद्युत परिपथ में, आवेश के प्रवाह के लिए आवश्यक विभवांतर कौन उत्पन्न करता है?

Ans

✓ A. एक या अधिक इलेक्ट्रिक सेल से बनी बैटरी

✗ B. दो बिंदुओं के बीच केवल तारों का संयोजन

✗ C. धारा के प्रति तार का प्रतिरोध

✗ D. इलेक्ट्रॉनों पर गुरूत्वीय कर्षण

Q.23 एक शोधकर्ता तीन-कक्षीय हृदय वाले एक जंतु तथा उसके ऑक्सीजनित और विऑक्सीजनित रक्त के कुछ मिश्रण का अवलोकन करता है। संदर्भ के अनुसार यह जंतु संभवतः कौन-सा ऊर्जा अनुकूलन प्रदर्शित करता है?

Ans

✓ A. यह नियत ऊर्जा का उपयोग करके अपने शरीर के तापमान को नहीं बनाए रखता है

✗ B. यह नियत ऊर्जा का उपयोग करके शरीर के तापमान को बनाए रखता है

✗ C. इसकी ऑक्सीजन आपूर्ति अत्यधिक दक्ष होती है

✗ D. इसमें मिश्रण रहित दोहरा परिसंचरण होता है

Q.24 यौगिकों के अणु, _______________ बनते हैं।

Ans

✗ A. केवल समान परमाणुओं से

✓ B. निश्चित अनुपात में विभिन्न तत्वों से

✗ C. परमाणुओं के भौतिक मिश्रण से

✗ D. यादृच्छिक परमाणु संयोजनों द्वारा

Q.25 किसी गतिशील वस्तु की गतिज ऊर्जा की गणना करने के लिए किस भौतिक राशि का ज्ञात होना आवश्यक है?

Ans

✗ A. केवल वेग

✓ B. द्रव्यमान और वेग

✗ C. द्रव्यमान और समय

✗ D. केवल द्रव्यमान

Section : **Mathematics**

Q.26 यदि $x + \frac{1}{x} = \sqrt{20}$ है, तो $x^3 - \frac{1}{x^3}$ का मान ज्ञात कीजिए, जहाँ $x > 1$ है।

Ans
✔ A. 76
✗ B. 82
✗ C. 58
✗ D. 64

Q.27 बेलन की त्रिज्या और ऊंचाई बराबर हैं। यदि बेलन की त्रिज्या में 20% की वृद्धि की जाए और बेलन की ऊंचाई में 10% की वृद्धि की जाए, तो बेलन के आयतन में शुद्ध वृद्धि ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 55.5%
✔ B. 58.4%
✗ C. 66.6%
✗ D. 62.5%

Q.28 दो ट्रेनें, जिनकी लंबाई क्रमशः 210 m और 150 m है, एक ही दिशा में चल रही हैं। 60 km/h की चाल से चल रही तीव्र चलने वाली ट्रेन, मंद चलने वाली ट्रेन को 30 सेकंड में पार करती है। मंद चलने वाली ट्रेन की चाल ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 17.2 km/h
✔ B. 16.8 km/h
✗ C. 15.6 km/h
✗ D. 20 km/h

Q.29 20% वार्षिक ब्याज दर से 3 वर्ष में प्राप्त चक्रवृद्धि ब्याज (वार्षिक रूप से संयोजित) और साधारण ब्याज के बीच का अंतर ₹624 है। मूलधन ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. ₹6,075
✗ B. ₹5,975
✗ C. ₹3,775
✔ D. ₹4,875

Q.30 किसी समलंब ABCD में, AB∥CD है तथा AB = 16 cm, CD = 8 cm है। ΔABC और ΔACD के क्षेत्रफल का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 1:2
✗ B. 4:3
✗ C.
3:5
✔ D. 2:1

Q.31 निम्नलिखित आँकड़ों का समांतर माध्य ज्ञात कीजिए।

| वर्ग अन्तराल | 0-8 | 8-16 | 16-24 | 24-32 | 32-40 |
|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 8 | 10 | 6 | 4 | 12 |

Ans
✗ A. 19.6
✗ B. 22.8
✔ C. 20.4
✗ D. 21.2

Q.32 $\frac{\sin\theta}{(\sec\theta - 1)} + \frac{\sin\theta}{(\sec\theta + 1)}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ A. $2\cot\theta$
✗ B. $\tan\theta$
✗ C. $2\tan\theta$
✗ D. $\cot\theta$

Q.33 एक कुकर का अंकित मूल्य चार दुकानों- I, II, III और IV पर एकसमान है। कुकर के अंकित मूल्य पर, दुकान I पर 57% और 29% की दो क्रमिक छूट मिलती है, दुकान II पर 76% और 35% की क्रमिक छूट मिलती है, दुकान III पर 53% और 86% की क्रमिक छूट मिलती है तथा दुकान IV पर 58%, 13% और 12% की क्रमिक छूट मिलती है। कौन-सी दुकान कुकर को सबसे कम कीमत पर बेच रही है?

Prepp
Your Personal Exams Guide

Ans
- ✗ A. I
- ✓ B. III
- ✗ C. II
- ✗ D. IV

Q.34 एक पुस्तकालय में रविवार को औसतन 612 आगंतुक और अन्य दिनों में 240 आगंतुक आते हैं। रविवार से शुरू होने वाले 30 दिनों के महीने में प्रति दिन आगंतुकों की औसत संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 310
- ✓ B. 302
- ✗ C. 315
- ✗ D. 298

Q.35 निम्नलिखित व्यंजक को सरल कीजिए।

$$\frac{(36-6)^2}{3\times 2}+4\times(5-3)^3$$

Ans
- ✓ A. 182
- ✗ B. 176
- ✗ C. 172
- ✗ D. 184

Q.36 उधार ली गई ₹550 की धनराशि पर 12% वार्षिक साधारण ब्याज दर से 2.5 वर्षों के लिए साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 145
- ✓ B. 165
- ✗ C. 150
- ✗ D. 155

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.37 नीचे दिया गया दंड आरेख वर्ष 2016 में पाँच कंपनियों A, B, C, D और E की आय और व्यय (मिलियन ₹ में) को दर्शाता है। कंपनी का लाभ या हानि 'लाभ या हानि = (आय - व्यय)' द्वारा दर्शाया गया है।




संदर्भ: Income and Expenditures (in million) of five companies - पाँच कंपनियों की आय और व्यय (मिलियन में)
Income - आय, Expenditure - व्यय
कंपनी B और C के संयुक्त लाभ या हानि और A और E के संयुक्त लाभ या हानि का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ A. 1 : 2
✘ B. 1 : 3
✘ C. 2 : 3
✘ D. 3 : 4

Q.38 ब्याज की गणना अर्धवार्षिक चक्रवृद्धि आधार पर करते हुए, किसी धनराशि पर 20% वार्षिक दर से ब्याज प्राप्त होता है। 1 जनवरी को ₹8,500 की धनराशि का निवेश किया गया और उसी वर्ष 1 जुलाई को ₹8,500 की धनराशि का और निवेश किया गया। वर्ष के अंत में प्राप्त कुल ब्याज ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ A. ₹2,680
✘ B. ₹2,540
✔ C. ₹2,635
✘ D. ₹2,525

Q.39 4 अंकों की वह सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए जो 12, 24, 45 और 60 से विभाज्य है।

Ans
✔ A. 9,720
✘ B. 9,256
✘ C. 9,450
✘ D. 9,600

Q.40 $\frac{\cos \varnothing}{1+\sin \varnothing}+\tan \varnothing$ को सरल कीजिए।

Ans
✘ A. $\operatorname{cosec} \varnothing$
✘ B. $\sin \varnothing$
✔ C. $\sec \varnothing$
✘ D. $\cos \varnothing$

Q.41 एक वॉशिंग मशीन की कीमत, एक TV की कीमत से 50% कम है। यदि वॉशिंग मशीन की कीमत में 83% की वृद्धि होती है तथा TV की कीमत में 38% की कमी होती है, तो 8 वॉशिंग मशीनों और 4 TV की कुल कीमत में प्रतिशत परिवर्तन कितना होगा?

Ans
✔ A. 22.5% की वृद्धि
✘ B. 26% की वृद्धि
✘ C. 19% की कमी
✘ D. 27% की कमी

Prepp
Your Personal Exams Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.42 दो ठोस गोले एक ही सामग्री से बने हैं। बड़े गोले का वजन, छोटे गोले के वजन का 8 गुना है। यदि छोटे गोले की त्रिज्या 7 cm है, तो दोनों गोलों के पृष्ठीय क्षेत्रफलों के बीच का अंतर ज्ञात कीजिए। (π = 22/7 का उपयोग कीजिए)

Ans
- ✗ A. 1868 $cm^2$
- ✓ B. 1848 $cm^2$
- ✗ C. 1828 $cm^2$
- ✗ D. 1888 $cm^2$

Q.43 संख्या 456A2384 को 16 से विभाज्य बनाने के लिए A का न्यूनतम मान क्या होना चाहिए?

Ans
- ✗ A. 4
- ✗ B. 5
- ✗ C. 2
- ✓ D. 0

Q.44 यदि निम्नलिखित बंटन का माध्य 50 है, तो (4x + 2y) का मान ज्ञात कीजिए।

| वर्ग | 0-20 | 20-40 | 40-60 | 60-80 | 80-100 | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 9 | 13 | x | 5 | y | 45 |

Ans
- ✗ A. 29
- ✓ B. 46
- ✗ C. 44
- ✗ D. 34

Q.45 पाइप A एक टैंक को 3 घंटे में भर सकता है, पाइप B उसी टैंक को 7 घंटे में भर सकता है और पाइप C उसी टैंक को 42 घंटे में भर सकता है। यदि वे एक साथ चालू होते हैं, तो उसी टैंक का 1/2 भाग भरने में उन्हें कितना समय (घंटों में) लगेगा?

Ans
- ✗ A. 4
- ✗ B. 2
- ✓ C. 1
- ✗ D. 3

Q.46 दो स्टेशन S1 और S2, 766 km की दूरी पर स्थित हैं। एक ट्रेन 5:20 a.m. पर S1 से चलना शुरू करती है और 74 kmph की चाल से S2 की ओर जाती है। दूसरी ट्रेन 7:50 a.m. पर S2 से चलना शुरू करती है और समानांतर पटरियों पर 92 kmph की चाल से S1 की ओर जाती है। वे किस समय मिलेंगी?

Ans
- ✗ A. 9:50 am
- ✗ B. 9:55 am
- ✓ C. 11:20 am
- ✗ D. 10:05 am

Q.47 एक आयत की चौड़ाई 16 cm है। यदि उसकी लंबाई, 9 cm और 16 cm के माध्यानुपाती के बराबर है, तो आयत की लंबाई ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 18 cm
- ✗ B. 16 cm
- ✓ C. 12 cm
- ✗ D. 9 cm

Q.48 अरविंद ने कोई वस्तु ₹x में खरीदी। उसने इसे बीरू को 15% की हानि पर बेचा। बीरू ने इसके परिवहन पर ₹101 खर्च किए और इसे मीनू को 50% के लाभ पर बेचा। यदि मीनू ने इसे ₹1,554 में खरीदा, तो x का मान कितना होगा?

Ans
- ✗ A. 1,126
- ✗ B. 1,087
- ✓ C. 1,100
- ✗ D. 1,068

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.49 किसी वस्तु की कीमत में 12% की दो क्रमिक वृद्धि होती है। वस्तु की कीमत में एकल तुल्य प्रतिशत वृद्धि ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 24.44%
- ✗ B. 24%
- ✗ C. 22%
- ✓ D. 25.44%

Q.50 मानुषी और नानीना की वर्तमान आयु का अनुपात 4 : 9 है। यदि 6 वर्ष बाद उनकी आयु का अनुपात 6 : 11 हो जायेगा, तो नानीना की वर्तमान आयु कितनी है?

Ans
- ✗ A. 24 वर्ष
- ✗ B. 25 वर्ष
- ✗ C. 26 वर्ष
- ✓ D. 27 वर्ष

## Section : General Intelligence and Reasoning

Q.51 C, D, E, F, G, X और Y में से प्रत्येक का साक्षात्कार सोमवार से शुरू होकर उसी सप्ताह के रविवार को समाप्त होने वाले सप्ताह के अलग-अलग दिन है।
केवल D का साक्षात्कार Y के बाद है। X और Y के बीच केवल तीन लोगों का साक्षात्कार है। G और D के बीच केवल तीन लोगों का साक्षात्कार है। F का साक्षात्कार E से पहले और C के बाद किसी दिन है।
X के बाद कितने लोगों का साक्षात्कार है?

Ans
- ✓ A. ँच
- ✗ B. चार
- ✗ C. न
- ✗ D.

Q.52 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

115 142 169 196 223 ?

Ans
- ✓ A. 250
- ✗ B. 256
- ✗ C. 253
- ✗ D. 247

Q.53 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से GAIN का संबंध ICGL से है। उसी प्रकार, TWIN का संबंध VYGL से है। समान तर्क का अनुसरण करने पर, MILK का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?

Ans
- ✗ A. PMJI
- ✓ B. OKJI
- ✗ C. OPMH
- ✗ D. NKHG

Q.54 A, B, C, D, S और T एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल को 1 के रूप में क्रमांकित किया गया है, उसके ऊपर वाले तल को 2 के रूप में क्रमांकित किया गया है और उसी प्रकार से, सबसे ऊपरी तल को 6 के रूप में क्रमांकित किया गया है। D तल क्रमांक 4 पर रहता है। D और T के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। D और S के बीच केवल B रहता है। A, D के ठीक नीचे रहता है। तल क्रमांक 2 पर कौन रहता है?

Ans
- ✓ A. C
- ✗ B. T
- ✗ C. S
- ✗ D. A

Q.55 श्री PIx अपनी कक्षा में शीर्ष से 87वें और नीचे से 67वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कुल कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
- ✗ A. 145
- ✗ B. 157
- ✓ C. 153
- ✗ D. 155

Q.56 सात विद्यार्थी, I, J, K, P, Q, R और Z, एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। R, Q के दाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है। Q के बाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। Q और Z के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। R और P के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। I, J के दाईं ओर किसी स्थान पर लेकिन K के बाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है।
I के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. चार
- ✗ B. एक
- ✗ C.
- ✓ D. न

Q.57 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें (I) और (II) के रूप में क्रमांकित किया गया है। आपको यह ज्ञात करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों का अध्ययन कीजिए और उचित उत्तर का चयन कीजिए।
5 छड़ियों U, R, N, S और T में से, प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है, सबसे लंबी छड़ी कौन-सी है?
(I) U, R से छोटी है, लेकिन N से लंबी है। N केवल एक छड़ी से लंबी है।
(II) S, T से लंबी है।

Ans
- ✓ A. कथन I और II एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
- ✗ B. केवल कथन I का डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जब कथन II का डेटा पर्याप्त नहीं है।
- ✗ C. कथन I और II एक साथ (और केवल कथन 1 या कथन II अकेले नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।
- ✗ D. केवल कथन II का डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जब कथन I का डेटा पर्याप्त नहीं है।

Q.58 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

RRR OQP LPN ? FNJ

Ans
- ✓ A. IOL
- ✗ B. OPI
- ✗ C. UOP
- ✗ D. OIU

Q.59 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से अलग प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है।

कथन:
कुछ किताबें, उपन्यास हैं।
सभी उपन्यास, कहानियाँ हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ कहानियाँ, किताबें हैं।
(II) कोई भी किताब, कहानी नहीं है।

Ans
- ✗ A. निष्कर्ष (I) और (II) अनुसरण करते हैं
- ✗ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण कर है
- ✓ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण कर है
- ✗ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण कर है

Q.60 निम्नलिखित संख्या शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएँ केवल एकल-अंकीय संख्याएँ हैं। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए।

(बाएँ) 8 9 1 6 7 4 2 6 7 9 1 8 3 1 5 7 5 3 5 5 1 2 8 (दाएँ)

ऐसे कितने सम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक और ठीक बाद एक विषम अंक है?

Ans
- ✗ A.
- ✗ B. एक भी नहीं
- ✓ C. एक
- ✗ D. न

Q.61 उस त्रिक का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दोनों त्रिकों द्वारा अनुसरण किए गए पैटर्न के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

FO – IR – LU
GC – JF – MI

Ans
- ✓ A. MA – PD – SG
- ✗ B. DP – GS – JU
- ✗ C. NF – RJ – TL
- ✗ D. CH – GK – JO

Q.62 संख्या 1235684 में, प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से दूसरे अंक और दाएं से दूसरे अंक का योगफल कितना होगा?

Ans
- ✓ A. 8
- ✗ B. 5
- ✗ C. 12
- ✗ D. 10

Q.63 आठ व्यक्ति (M, N, O, P, Q, R, S और T) एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
M और R के बीच ठीक तीन व्यक्ति बैठे हैं।
P, M के ठीक बाएँ पड़ोस में बैठा है।
M और S दोनों का निकटतम पड़ोसी N है।
Q और T दोनों का निकटतम पड़ोसी R है।
T, P के बाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है।
P के बाएँ से गिनती करने पर, P और T के ठीक बीच में कौन बैठा है?

Ans
- ✓ A. O
- ✗ B. S
- ✗ C. M
- ✗ D. Q

Q.64 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : DBY :: SQN : %

Ans
- ✗ A. # = GFB % = PNS
- ✗ B. # = ERB % = PMD
- ✓ C. # = GEB % = PNK
- ✗ D. # = GRT % = POK

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.65 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी पक्षी, पंख हैं।
कोई भी पंख, पंजा नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कोई भी पक्षी, पंजा नहीं है।
(II) कुछ पंजे, पंख हैं।

Ans
✗ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण कर है
✗ B. निष्कर्ष (I) और (II) अनुसरण करते हैं
✓ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण कर है
✗ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण कर है

Q.66 नीचे दी गई संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।

(बाएं) 5 @ 8 % 3 1 & 7 & 4 $ Ω 2 * 5 # £ 6 (दाएं)

यदि शृंखला से सभी प्रतीकों को हटा दिया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा बाएं से पांचवां होगा?

Ans
✗ A. 2
✗ B. 4
✓ C. 7
✗ D. 1

Q.67 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है)

Ans
✗ A. JM - HK
✗ B. TW - RU
✗ C. PS - NQ
✓ D. IK - FH

Q.68 एक निश्चित तर्क के अनुसार, 19 का संबंध 57 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 16 का संबंध 48 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 2 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
✓ A. 6
✗ B. 8
✗ C. 7
✗ D. 5

Q.69 यदि संख्या 7164259 के प्रत्येक सम अंक में 2 जोड़ा जाए और प्रत्येक विषम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या के बाएं से पहले दो अंकों का योग कितना होगा?

Ans
✗ A. 12
✓ B. 6
✗ C. 8
✗ D. 10

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.70 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B का पति है',
A × B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है', और
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'।

यदि 'P + Q – R × S ÷ T' है, तो P का T से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. पुत्र
- ✗ B.
पुत्र का पुत्र
- ✓ C. पुत्री का पुत्र
- ✗ D. भाई

Q.71 यह प्रश्न दिए गए शब्दों पर आधारित है।

JAM COT GEL EYE

दाएं से दूसरे शब्द के तीसरे अक्षर और बाएं से दूसरे शब्द के दूसरे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans
- ✗ A. न
- ✗ B. ंच
- ✓ C.
- ✗ D. चार

Q.72 यदि TEAMWORK शब्द के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

Ans
- ✗ A. एक की भी नहीं
- ✗ B. एक
- ✓ C.
- ✗ D. न

Q.73 शब्द CANDLESTICK के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर, ठीक दो बार आएगा?

Ans
- ✓ A. J
- ✗ B. R
- ✗ C. F
- ✗ D. B

Q.74 राघव बिंदु A से चलना शुरू करता है और दक्षिण दिशा में 23 km चलता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 15 km चलता है, फिर वह बाएँ मुड़ता है और 29 km चलता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 19 km चलता है। अंत में वह फिर से बाएँ मुड़ता है, 6 km चलता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के हैं।)

Ans
- ✗ A. 4 km, पश्चिम दिशा में
- ✗ B. 5 km, पूर्व दिशा में
- ✗ C. 5 km, पश्चिम दिशा में
- ✓ D. 4 km, पूर्व दिशा में

Q.75 यदि संख्या 52183475 के प्रत्येक विषम अंक में 2 जोड़ दिया जाए और प्रत्येक सम अंक में से 2 घटा दिया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से तीसरा अंक निम्नलिखित में से कौन-सा होगा?

Ans
- ✓ A. 3
- ✗ B. 0
- ✗ C. 5
- ✗ D. 2

Q.76 यह प्रश्न दिए गए शब्दों पर आधारित है।

FAN OUH WIN YUP

यदि प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाए और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बने कितने अक्षर-समूहों में, कोई स्वर नहीं आएगा?

Ans
- ✔ A.
- ✗ B. न
- ✗ C. एक
- ✗ D. एक भी नहीं

Q.77 एक निश्चित तर्क के अनुसार, 18 का संबंध 37 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 36 का संबंध 73 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 54 का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
- ✔ A. 109
- ✗ B. 113
- ✗ C. 107
- ✗ D. 111

Q.78 निम्न संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएँ केवल एकल अंक की संख्याएँ हैं। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी है।

(बाएँ) 7 1 6 7 9 6 3 7 9 8 7 4 4 4 8 9 3 6 9 8 8 6 1 1 8 7 3 (दाएँ)

ऐसी कितनी सम संख्याएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है और ठीक बाद में भी एक विषम संख्या है?

Ans
- ✔ A. 5
- ✗ B. 6
- ✗ C. 7
- ✗ D. 4

Q.79 एक निश्चित कूट भाषा में,
A @ B का अर्थ है कि 'A, B की माता है'
A # B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
A $ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
A % B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'प्रणव $ गीता # हर्षा @ ज्योति % शिल्पा' है तो प्रणव का शिल्पा से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. पि के पि के भाई की पुत्री
- ✗ B. पि के पि के भाई की पत्नी
- ✔ C. पि की मा के भाई की पत्नी
- ✗ D. पि की मा के भाई की पुत्री

Q.80 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✔ A. OR−SY
- ✗ B. VY−AD
- ✗ C. ZC−EH
- ✗ D. IL−NQ

Section : **General Awareness and Current Affairs**

Prepp
Your Personal Exams Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

| | | |
|---|---|---|
| Q.81 | अप्रैल 2026 में किस आर्द्र भूमि को आधिकारिक रूप से भारत की 99वीं रामसर स्थल के रूप में नामित किया गया था? | |
| Ans | ✔ A. शेखा झील पक्षी अभयारण्य<br>✗ B. कोपरा जलाशय<br>✗ C. पटना पक्षी अभयारण्य<br>✗ D. छारी-ढांड आर्द्रभूमि | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.82 | 06 फरवरी से 22 फरवरी 2026 तक आयोजित 2026 शीतकालीन ओलंपिक, जिसे आधिकारिक तौर पर मिलानो कॉर्टिना 2026 के नाम से जाना जाता है, की मेजबानी किस देश ने की, तथा जिसमें मिलान (Milan) और कॉर्टिना डी'एम्पेजो (Cortina d'Ampezzo) सह-मेजबान शहर थे? | |
| Ans | ✗ A. स्विट्जरलैंड<br>✗ B. जर्मनी<br>✔ C. इटली<br>✗ D. फ्रांस | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.83 | राजनीतिक विमर्शों में पश्चिम बंगाल की विधानसभा राजनीति में एक बड़े परिवर्तन के रूप में वर्णित चुनावी विजय, 2026 में राज्य में प्रमुख विपक्षी शक्ति के रूप में किस दल के उदय से संबद्ध थी? | |
| Ans | ✗ A. अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस (AITC)<br>✔ B. भारतीय जनता पार्टी<br>✗ C. भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) CPI(M)<br>✗ D. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (INC) | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.84 | फरवरी 2026 में आयोजित 13वीं इंडियन ओपन रेस वॉकिंग कम्पटीशन किस शहर में आयोजित की गई थी? | |
| Ans | ✗ A. जयपुर<br>✗ B. देहरादून<br>✗ C. लखनऊ<br>✔ D. चंडीगढ़ | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.85 | दिसंबर 2025 में एक बड़े नकदी कदम (liquidity move) के तहत, RBI ने ओपन मार्केट ऑपरेशंस (OMOs) और एक विशिष्ट स्वैप नीलामी की घोषणा की। 23 दिसंबर, 2025 को घोषित $10 बिलियन USD/INR बाय/सेल स्वैप का विशिष्ट उद्देश्य क्या था? | |
| Ans | ✔ A. बॉन्ड यील्ड पर दबाव डाले बिना बैंकिंग प्रणाली में स्थायी रुपया नकदी को प्रविष्ट करना<br>✗ B. विदेशी पोर्टफोलियो निवेश के कारण उत्पन्न अतिरिक्त नकदी को अपनाना<br>✗ C. एक अपतटीय बाजार का निर्माण करके रुपये के अंतर्राष्ट्रीयकरण को सुगम बनाना<br>✗ D. सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए तेल की कीमतों की अस्थिरता के विरुद्ध सुरक्षा प्रदान करना | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.86 | केंद्रीय बजट 2026-27 में, बायोलॉजिक्स (biologics) और बायोसिमिलर्स (biosimilars) के एंड-टू-एंड इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए, पांच वर्षों में ₹10,000 करोड़ के परिव्यय वाली कौन-सी योजना प्रस्तावित की गई थी? | |
| Ans | ✗ A. डिजिटल हेल्थ मिशन (Digital Health Mission)<br>✗ B. फार्मा इनोवेशन भारत स्कीम (Pharma Innovation Bharat Scheme)<br>✗ C. नेशनल बायोटेक ग्रोथ इनिशिएटिव (National Biotech Growth Initiative)<br>✔ D. बायो-फार्मा शक्ति (Bio-Pharma SHAKTI) | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.87 | सितंबर और अक्टूबर 2026 में होने वाले एशियाई खेलों के 20वें संस्करण की मेजबानी आधिकारिक रूप से किस देश द्वारा की जाएगी? | |
| Ans | ✗ A. दक्षिण कोरिया<br>✗ B. चीन<br>✗ C. कतर<br>✔ D. जापान | |

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.88** पश्चिम बंगाल में हाल के राजनीतिक परिवर्तनों के संदर्भ में, 9 मई 2026 तक की स्थिति के अनुसार राज्य में भारतीय जनता पार्टी (BJP) से पहला मुख्यमंत्री कौन बना?

Ans
A. मम बनर्जी
B. अभिषेक बनर्जी
C. शुभेंदु अधिका
D. दिलीप घोष

**Q.89** नवंबर 2025 में, छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2024 में 'सर्वश्रेष्ठ राज्य' श्रेणी में प्रतिष्ठित प्रथम पुरस्कार किस भारतीय राज्य को प्रदान किया गया था?

Ans
A. हरियाणा
B. क र्टक
C. महाराष्ट्र
D. गुजरात

**Q.90** किस भारतीय उच्च न्यायालय ने महिला कर्मचारियों के मौलिक अधिकार के रूप में मासिक धर्म अवकाश को मान्यता देते हुए, दिनांक 15 अप्रैल 2026 को एक आदेश के माध्यम से सभी संगठित और असंगठित क्षेत्रों में मासिक धर्म अवकाश नीति के प्रभावी कार्यान्वयन का निर्देश दिया था?

Ans
A. मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय
B. महाराष्ट्र उच्च न्यायालय
C. क र्टक उच्च न्यायालय
D. उत्तराखंड उच्च न्यायालय

**Q.91** अप्रैल 2026 में, न्यायमूर्ति लिसा गिल को किस राज्य के उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया था?

Ans
A. आंध्र प्रदेश
B. हरियाणा
C. पंब
D. केरल

**Q.92** मई 2026 में मेघालय के उमरोई मिलिट्री स्टेशन में शुरू हुए उस बहुपक्षीय सैन्य अभ्यास का नाम क्या था, जिसमें 12 मित्र राष्ट्रों ने भाग लिया था?

Ans
A. प्रगति 2026 (PRAGATI 2026)
B. मित्र शक्ति 2026 (MITRA SHAKTI 2026)
C. युद्ध अभ्यास 2026 (YUDH ABHYAS 2026)
D. संप्रिति 2026 (SAMPRITI 2026)

**Q.93** फरवरी 2026 में, किस देश ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के कार्यकारी बोर्ड से लगभग 8.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य की अड़तालीस-महीने की विस्तारित निधि सुविधा (EFF) व्यवस्था के लिए स्वीकृति प्राप्त की?

Ans
A. यूक्रेन
B. घा
C. श्रीलंका
D. स्तान

**Q.94** उत्तर प्रदेश स्वच्छ वायु प्रबंधन कार्यक्रम को सहायता प्रदान करने के लिए मार्च 2026 में किस संगठन ने भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे?

Ans
A. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
B. संयुक्त राष्ट्र कास कार्यक्रम
C. श्व बैंक
D. एशियाई कास बैंक

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.95 **DRDO द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किस मिसाइल सिस्टम ने दिसंबर 2025 में यूजर इवैल्यूएशन ट्रायल (user evaluation trials) सफलतापूर्वक पूरा कर लिया, जिससे भारत के सशस्त्र बलों में इसके शामिल होने का मार्ग प्रशस्त हुआ?**

Ans
- ✗ A. ब्रह्मोस (BrahMos)
- ✓ B. आकाश-NG
- ✗ C. VL-SRSAM
- ✗ D. पिका -LRGR-120

Q.96 **अप्रैल 2026 में प्रकाशित पुस्तक "दलित विमेन एंड द फुलनेस ऑफ लाइफ़ (Dalit Women and the Fullness of Life)" की लेखिका कौन है?**

Ans
- ✗ A. मी कुमा
- ✗ B. रण देसाई
- ✗ C. अंजलि राव
- ✓ D. क्रिस्टी धनू

Q.97 **7 अप्रैल 2026 को मनाए गए विश्व स्वास्थ्य दिवस 2026 (World Health Day 2026) की आधिकारिक थीम क्या थी?**

Ans
- ✗ A. हेल्थ फॉर ऑल, लीव वन बिहाइंड (Health for all, leave no one behind)
- ✓ B. टुगेदर फॉर हेल्थ. स्टैंड द साइंस (Together for health. Stand with science)
- ✗ C. माय हेल्थ, माय राइट (My health, my right)
- ✗ D. बिल्डिंग अ फेयरर, हेल्थियर वर्ल्ड (Building a fairer, healthier world)

Q.98 **केंद्रीय बजट 2026-27 में निम्नलिखित में से कौन-सी योजना घोषित की गई थी?**

Ans
- ✗ A. कॉयर उद्यमी योज
- ✗ B. राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन
- ✗ C. एम श्वकमा
- ✓ D. दिव्यांगजन कौशल योज

Q.99 **हॉकी इंडिया के 8वें वार्षिक पुरस्कार 2025 में, प्लेयर ऑफ द ईयर (Player of the Year) के लिए हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार (Hockey India Balbir Singh Sr. Award) किसने जीता?**

Ans
- ✓ A. हार्दिक सिंह और नवत कौर
- ✗ B. हरमनप्रीत सिंह और स पूनिया
- ✗ C. अभिषेक नैन और उदि दुहान
- ✗ D. मनप्रीत सिंह और वंद कटारिया

Q.100 **2026 में, किस राज्य ने 'ऑपरेशन तूफ़ान: द नार्को हंट' की घोषणा की, जो 1 जून से शुरू होने वाला एक विशेष अभियान है, जिसका उद्देश्य सिंथेटिक ड्रग नेटवर्क, अंतर-राज्यीय सिंडिकेट और शैक्षणिक संस्थानों के पास के तस्करों को खत्म करना है?**

Ans
- ✗ A. तमिल ड
- ✗ B. क टक
- ✓ C. केरल
- ✗ D. आंध्र प्रदेश

"